# नाज़ रेस्ट होम

## Nazz News

Website: nazzresthome.com

**खंड 1, अंक 6**

प्रिय मित्रों,

नाज़ न्यूज़ के इस अगले अंक में आपका स्वागत है। यहां लगातार बहुत सारी गतिविधियां चल रही हैं और अब समय आ गया है कि आपको नवीनतम प्रगतियों से अवगत कराया जाए। आशा है कि आपको इन प्रगतियों के बारे में जानकर और उनके चित्र देखकर प्रसन्नता होगी।

## और अधिक नए पेड़ रोपे गए

नाज़ रेस्ट होम में लगाए गए पेड़ लगातार बढ़ रहे हैं और अब उनके आकार में काफी अंतर दिखाई पड़ने लगा है। इसका श्रेय हमारे परिश्रमी माली एवं संरक्षक रामजी लाल, उनकी पत्नी सम्पतजी, बच्चों तथा उनके द्वारा लगातार कम्पोस्ट बनाने के कार्य को जाता है।

हाल में खजूर के पेड़ों के लिए बीज बोए गए। 140 से अधिक पेड़ (कुछ फलदार और कुछ अन्य) लगाने की तैयारी की गई, जिनमें 50 अतिरिक्त बोगनवेलिया और गुलाब शामिल हैं। जब आप यह समाचार पढ़ रहे होंगे तब तक नाज़ में लगभग निम्नलिखित 140 पौधे लगाए जा चुके होंगे:

आम, जामुन – 2, चीकू – 5, नींबू – 5, सीताफल – 5, जैतून – 5, केला – 5, अंगूर – 5, कटहल – 5, अमड़ा (हॉग प्लम) – 5, फालसा – 5, इलायची के पौधे – 2, लीची – 2, तेजपत्ता के पौधे – 2, सेब बेर (जुजूब) – 5, बेल – 2, सेब – 3, संतरा – 3, बकुल – 2, गुलमोहर – 2, कदम्ब – 2, कचनार – 2, सिल्वर ओक – 2, गमले वाले चमेली के पौधे – 2, गमले वाले गुलाब – 5, बोगनवेलिया – 50

इनमें से कुछ फलदार वृक्ष स्थानीय किस्म के हैं और दुनिया के अन्य हिस्सों में नहीं उगाए जाते।

राजस्थान की उन तमाम मेहनती महिलाओं के प्रति हम हृदय से कृतज्ञ हैं जो आरंभ से ही नाज़ रेस्ट होम परियोजना के निर्माण में त्याग के साथ सहयोग देती आ रही हैं और आज भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने में हमारी सहायता कर रही हैं।








## फसलें

परिवार ने नाज़ में एक सब्ज़ी उद्यान लगाया है, जिसमें भिंडी, प्याज़, लीक (हरा प्याज़) आदि लगाए गए हैं। मक्का की फसल के लिए भी बुवाई की गई है।





## शेल्टर (आश्रय) का ताजा समाचार

कुछ महीने पहले छत पर बना आश्रय-स्थल एक तूफान में नष्ट हो गया, क्योंकि उसका फूस का छप्पर संरचना की क्षमता से अधिक भारी था। अब उसकी संरचना मजबूत कर दी गई है और उस पर फाइबर ग्लास की चादरें लगाई गई हैं, जिनके ऊपर हल्का फूस का छप्पर डाला जाएगा।



## सड़क

कुछ समय के लिए सड़क बंद होने की समस्या आई थी लेकिन उसका समाधान हो गया और अब सड़क पूरी हो चुकी है तथा अच्छी स्थिति में है। मानसून की वर्षा ने कुछ कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें बाद में सुधारा जा सकेगा।




## पारम्परिक चूल्हा

परिवार द्वारा नाज़ के एक कोने में पारंपरिक मिट्टी के चूल्हे के लिए उत्साहपूर्वक एक संरचना तैयार की जा रही है।






## तालाब की भराई

हमारे परिश्रमी परिवार ने पड़ोसी के वर्षा जल का रुख मोड़कर तालाब को भरने का एक नायाब तरीका खोजा। अब मानसून आ चुका है और तालाब पूरी तरह भर गया है। प्रवास के दौरान इस क्षेत्र में फ्लेमिंगो पक्षी को देखकर सबको बहुत खुशी हुई। तालाब के विस्तार के साथ ऐसा लगता है कि हम अपना स्वयं का एक परितंत्र (इकोसिस्टम) विकसित कर रहे हैं। यहां मछलियां, पक्षी, मेंढक, खरगोश और लोमड़ियां देखी गई हैं।




## बैंक एकाउंट

हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि नाज़ रेस्ट होम का एक अस्थायी बैंक खाता खुल गया है। निकट भविष्य में नाज़ चैरिटेबल ट्रस्ट का अपना खाता होगा, जिसका संचालन दो व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।



## नाज़ रेस्ट होम में यूट्यूब वीडियो की शूटिंग

गांव के कुछ लोग नाज़ रेस्ट होम को पृष्ठभूमि बनाकर हास्य नाटकों का निर्माण कर रहे हैं।




## नाज़ रेस्ट होम के कुछ नए फोटो









**नोट:**

**जो लोग नाज़ न्यूज़ के पिछले अंकों को नहीं पढ़ पाए, उनके लिए नाज़ रेस्ट होम के मुख्य लक्ष्यों और सपनों – और साथ ही चुनौतियों – का विवरण नीचे दिया जा रहा है।**

## पहला चरण

इस चरण में कुछ निम्नांकित कार्य किए जाने हैं:

- लगभग 7 एकड़ (7 बीघा) भूमि की खरीद (कार्य पूर्ण)
- बाड़ लगाना और उसे मजबूत बनाना (कार्य पूर्ण)
- सैकड़ों पेड़ लगाना (400 से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं)

- गहरा कुआं और एक वॉटर पंप लगाना (कार्य पूर्ण)
- स्थल तक जाने वाली सड़क को बेहतर बनाना (आंशिक रूप से पूर्ण)
- और अंत में, रहने, बैठकें करने और अन्य गतिविधियों के लिए रसोई और बाथरूम सहित दो शयनकक्षों वाला एक आवास बनाना (कार्य पूर्ण)

इसके बाद, हम परियोजना के सभी पहलुओं पर शोध करने के लिए वक्त निकालेंगे। इस दौरान, पेड़ बढ़ेंगे और लैंडस्केपिंग भी बेहतर होगा।

## दूसरा चरण

हमारा लक्ष्य है कि निवासियों के लिए लगभग 25 कमरे हों (यह कई बातों पर निर्भर है और काम थोड़ा जटिल हो सकता है और अंततः 100 कमरे तक हो सकते हैं)। साथ ही रसोई, भोजन कक्ष, मनोरंजन कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, भंडारण कक्ष आदि जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हों।

बुजुर्गों की सुरक्षा और उन्हें समुदाय में समाहित करने के लिए सेवा संचालन और प्रदान करने के कई पहलुओं पर हमें शोध करने की आवश्यकता है। हमें सौर पैनल, फिल्ट्रेशन सिस्टम, सीवेज प्रणाली, बिजली और जल आपूर्ति सहित टिकाऊ विकास पद्धति का ध्यान रखना होगा। इसके अलावा, हमें डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों और मानव संसाधन जैसी अन्य सम्बंधित सेवाओं के बारे में भी विचार करना होगा।

हमें ग्रामीणों और स्थानीय विद्यालय के साथ सुदृढ़ सम्बंध स्थापित करने की जरूरत है। पेड़ों से प्राप्त फल पूरे गांव के लिए हैं क्योंकि इस परियोजना के भागीदार सभी लोग हैं।

हम उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़े चिंतित भी हैं और प्रार्थना करते हैं कि आने वाली चुनौतियों से पार पाने में हमें परमात्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हो।

अभी हमने बिजली कनेक्शन के लिए एक कक्ष का निर्माण किया है जिसमें अल्पकालिक रूप से रहने के लिए सीमित जगह उपलब्ध है जिसका इस्तेमाल हम रहने, बागवानी करने और सामाजिक गतिविधियों के लिए कर सकते हैं।

हमें विभिन्न नियमों और विनियमों के बारे में अधिकारियों से परामर्श करना होगा और नौकरशाही की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। इन सभी चुनौतियों में कुछ समय लग सकता है और आशा है कि तब तक फलदार पेड़ पक जाएंगे और परिदृश्य सुंदर हो जाएगा।

हमें इस स्थान के लगातार संचालन, पर्यावरण संरक्षण और चबराना गांव, जहां नाज़ रेस्ट होम स्थित है, को बेहतर बनाने में योगदान देने के तौर-तरीकों पर भी ध्यान देना होगा।

बहुत-सी चीजें बदल सकती हैं, और कभी-कभी हम बहुत ही भावनात्मक महसूस करते हैं, लेकिन फिर हमें याद आता है कि ईश्वर ने हमारे लिए सभी बंद दरवाजे खोले हैं।

हमारे लक्ष्य और सपने नीचे दिए गए हैं जिन्हें हम अपने साथियों और भागीदारों की मदद से हासिल करने की आशा करते हैं और जिनके लिए हमें ईश्वरीय सहायता की अत्यधिक आवश्यकता होगी:

## आशाएं और सपने

- योग्य उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया तैयार करना
- समुदाय में विभिन्न पीढ़ियों के साथ एकीकरण की प्रक्रियाओं विचार करना
- नाज़ रेस्ट होम और समुदाय में मनोरंजन कार्यक्रमों की योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना
- पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों से परामर्श
- एकीकरण प्रक्रिया (संभवतः भ्रमण) का हिस्सा बनने के लिए आगंतुकों को आकर्षित करने हेतु नाज़ रेस्ट होम उद्यान का सौंदर्यीकरण
- सुरक्षा, निगरानी और टिकाऊपन के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी (बगीचों के लिए अपशिष्ट जल का फिल्ट्रेशन, सौर पैनल, पानी बचाने के तरीके, आदि)
- वित्तीय कार्यप्रणाली और टिकाऊपन के लिए बजट और योजनाएं
- निवासियों और कर्मचारियों के लिए परिवहन की व्यवस्था
- संचार के साधनों का निर्माण और जनसंचार माध्यमों (मास मीडिया) का उपयोग
- उपचार की विभिन्न विधियों का उपयोग, जैसे पारंपरिक, आधुनिक और वैकल्पिक चिकित्सा
- औषधीय पौधों का उद्यान विकसित करना
- निवासियों के लिए आध्यात्मिक माहौल बनाने पर जोर देना
- निवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत योजना और लोचशीलता
- भारत और विदेश से ऐसे पेशेवरों और विशेषज्ञों को अतिथि के रूप में आमंत्रित करना जो स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं दे सकें
- नाज़ रेस्ट होम में काम करने के लिए स्थानीय लोगों का शिक्षण-प्रशिक्षण
- स्थानीय प्राधिकारियों और सरकारी विभागों के साथ अच्छा सम्बंध बनाए रखना
- स्थानीय लोगों द्वारा स्वामित्व के लक्ष्य को ध्यान में रख कर सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से गांव में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में योगदान देना
- जनसंचार माध्यमों की सहायता से बाहरी दुनिया को चबराना गांव की सुन्दरता और सरल जीवन से परिचित कराना
- नाज़ रेस्ट होम में उगाए गए फलों और सब्जियों को धर्मार्थ संस्थाओं, स्थानीय स्कूल और गांव के निवासियों में वितरित करने की योजना बनाना।

- बगीचों और भवनों के रखरखाव और विकास के कार्य में स्थानीय लोगों को सहभागी बनाना।
- निवासियों और आगंतुकों के लिए एक टिकाऊ और आरामदायक भवन की रूपरेखा की अत्याधुनिक योजना तैयार करने के लिए वास्तुकारों से परामर्श करना
- नाज़ रेस्ट होम को बच्चों की कक्षाओं, किशोर समूहों, सम्मेलनों और ग्रीष्मकालीन या शीतकालीन स्कूल आयोजित करने के लिए एक आदर्श स्थान बनाने का प्रयास करना।
- नाज़ रेस्ट होम के संचालन की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दान और योगदान हेतु एक न्यास निधि (ट्रस्ट फंड) बनाने की संभावना तलाशना
- समुचित वित्तीय लेखांकन (एकाउंटिंग) की पद्धतियां तैयार करना तथा बिलों, प्राप्तियों और वेतन इत्यादि के भुगतान की जांच
- प्रभुधर्म के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए मार्गदर्शन और आध्यात्मिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रभुधर्म की सभी संस्थाओं से परामर्श करना
- विदेश से आने वाले उन आगंतुकों के लिए कुछ कमरे अलग से सुरक्षित रखना जिन्होंने यहां आकर स्वयंसेवा करने तथा सीमित समय तक रहने, अपनी सेवाएं देने तथा ठहरने का खर्च वहन करने की इच्छा व्यक्त की है।

ईश्वर इस स्वप्न को साकार करने में हमारी सहायता करें!

**पूछताछ के लिए, सम्पर्क करें: bshams@telus.net**

**या हमारी वेबसाइट देखें: nazzresthome.com**